महत्वपूर्ण एवं खास

166 अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार ने आधी रात क़े बाद करीब 1.30 बजे नगरीय प्रशासन विभाग में बड़ा ट्रांसफर किया. नई सरकार आने क़े बाद ये पहला ट्रांसफर होगा, जिसमे एकमुश्त 166 अधिकारियो और कर्मचारियों को बदल दिया गया. इनमें जॉइंट डाइरेक्टर से लेकर बाबू और भृत्य तक शामिल हैं।

प्रदेश में मानसून एक बार फिर हुआ सक्रिय

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। आज सुबह से ही राजधानी रायपुर के कई हिस्सों में बारिश हुई है। जिससे एक बार फिर लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आपको बता दें कि कल सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में धूप निकली थी। जिससे लोग उमस से परेशान हो गए थे। लेकिन शाम में कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ के 16 जिलों में आज हैवी रेन का यलो अलर्ट है। बलरामपुर, रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, जांजगीर, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में भारी बारिश हो सकती है। आपको बता दें कि 24 अगस्त से बारिश का एक सिस्टम फिर एक्टिव हो रहा है। इससे सभी संभागों में भारी वर्षा की संभावना है। रायपुर में देर रात हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। रिद्धी सिद्धी लोटस पार्क स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर ने नकदी सहित चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी दुस्यंत देशमुख 34 वर्ष रिद्धी सिद्धी लोटस पार्क के मकान नंबर 113 में रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी रक्षाबंधन त्यौहार मनाने अपने परिवार के साथ गांव गया था, तभी अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोडक़र आलमारी में रखे नकदी 1 हजार सहित चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाइवा की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार स्कूली छात्र को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में आरंग पुलिस ने हाइवा चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक धीरज सेन 15 वर्ष ग्राम उगेतरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि धीरज अपने दोस्त के साथ बाइक में सवार होकर स्कूल जा रहा था, तभी सीएचसी अभनपुर के पास हाइवा क्रमांक एमएच 12 वीएस 3063 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार धीरज की मौत हो गई। वहीं उसका दोस्त घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक को गिरफ्तार किया है।

रिंग रोड पर खड़ी मोपेड पार

रायपुर (आरएनएस)। रिंग रोड नंबर 2 के गेट के पास खड़ी जूपिटर को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अक्षर पी.आर. 34 वर्ष फेस 1 कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने अपनी जूपिटर वाहन क्रमांक सीजी 04 एमआर 9248 को रिंग रोड नंबर 2 स्थित गेट नंबर 2 के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए मोपेड की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सांसद कमलेश जांगड़े ने हितग्राहियों को वितरित की आयुष्मान कार्ड और पीएम आवास की चाबी

❒ सलिहा में किया गया जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़

बिलाईगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल ग्राम सलिहा में अतिथियों के द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अतिथियों में जांजगीर चांपा लोकसभा के सांसद कमलेश जांगड़े, सुभाष जालान, डॉ दिनेश जांगड़े, लक्ष्मी साहू, कलेक्टर धर्मेश साहू थे। सांसद और कलेक्टर ने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया, दिव्यांगो को मोटराइज्ड ट्राई सायकल और स्कूली बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया।

कार्यक्रम को अतिथि सांसद, सुभाष जालान, कलेक्टर आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत की। ग्रामीणों के साथ साथ स्कूली छात्र छात्राओं ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया और आयुष्मान कार्ड बनवाया। शिविर में सभी विभागों ने अपने अपने स्टॉल लगाए थे। शिविर में लगभग 300 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें शाम 4 बजे तक 150 आवेदन निराकरण किया गया तत्पश्चात सामग्री वितरण किया गया। वन विभाग द्वारा पौधा वितरण किया गया, पौधा पाकर बालिकाओं के चेहरे में मुस्कुराहट दिखी।

कार्यक्रम में विभागवार केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को मंच से दी। इसके साथ साथ विभिन्न प्रमाण पत्र, चेक, विभागवार योजनाओ से लाभान्वित सामग्री का वितरण हितग्राहियों को किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विभागों ने प्राप्त आवेदनों और निराकरण की जानकारी मंच पर दी। सलिहा के जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला के अलावा प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास बृजेन्द्र ठाकुर, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, सहायक आयुक्त आदिवासी आशीष बनर्जी, पशुधन विकास अधिकारी सुनील जोल्हे, अंत्यावसायी विकास विभाग के अधिकारी मनोज कुमार भगत, पीएचई एसडीओ, सहित तहसीलदार कमलेश सिदार और देवराज सिदार, सीईओ जनपद पंचायत बिलाईगढ़ प्रतीक प्रधान, डीपीएम एन एल इजरदार, अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और विभिन्न राजनीतिक दल व समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में भोजन व्यवस्था किया गया था। कार्यक्रम हेतु आवश्यक व्यवस्था

शिविर में मिले 300 आवेदन, 150 से अधिक आवेदन निराकृत

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग को नामांकन, बटवारा, सीमांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण, नक्शा बटांकन, डिजिटल हस्ताक्षर, आरबीसी 6-4 के अधीन जन हानि, पशु हानि, मकान क्षति हेतु आर्थिक सहायता राशि, खसरा, बी1 में त्रुटि सुधार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में मनरेगा निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना की मांग, शौचालय की राशि की मांग, सामुदायिक शौचालय की मांग, स्वच्छता समूह हेतु मांग, बैंक ऋण हेतु मांग, आरएफ, सीआईएफ की मांग, एसएचजी शेड, जॉब कार्ड, समाज कल्याण विभाग में पेंशन की मांग एवं संबंधित शिकायत, उपकरण की मांग, निःशक्तजन प्रमाण पत्र के आवेदन लिए गए।

5 लाख के इनामी नक्सली ने किया समर्पण

धमतरी | आरएनएस

छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर एवं माओवादी संगठन में दाम्पत्य जीवन, पारिवारिक सुख से वंचित रहने एवं माओवादियों के जीवन शैली व विचारधारा से क्षुब्ध होकर किया समर्पण।

यह हत्या,मुठभेड़ आईडी लगाने समेत कई माओवादी घटनाओ में शामिल रहा है। इस पर विभिन्न धाराओ में 06 अपराध दर्ज है। छ0ग0 शासन की पुनर्वास एवं आत्मसर्पण नीति से प्रभावित होकर एवं पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज, रायपुर अमरेश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के दौरान का सदस्य एवं रावस समन्वय का डिप्टी कमांडर अजय ने आज दिनांक 22/08/24 को पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वाष्णेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, भेदभाव-पूर्ण व्यवहार, उपेक्षा व प्रताडऩा से तंग आकर आत्मसमर्पण किया।

संक्षिप्त विवरण

अजय उर्फ अघन उम्र 26 वर्ष कांकेर

धारित हथियार- सुरका रायफल स्वनिर्मित

पद- डिप्टी कमांडर / एसीएम सीता नदी एरिया कमेटी

शासन व्दारा घोषित ईनाम- 05 लाख रूपये

यह संघम सदस्य के पद पर संगठन में भर्ती हुआ।

वर्ष 2010 तक बाल संघम सदस्य के पद पर कार्य किया।

इन बड़ी घटनाओं में रहा शामिल :-

वर्ष 2017 में थाना खल्लारी ग्राम जोगीबिरदो के 01 ग्रामीण की हत्या में शामिल था। वर्ष 2018 में थाना बोरई ग्राम कारीपानी मुख्य मार्ग में पेड़ काटकर मार्ग अवरुद्ध किया गया था। 2018 थाना खल्लारी ग्राम एकावारी में रोड किनारे 05 किग्रा.टिफिन बम गड़ाया था। वर्ष 2020 में थाना नगरी ग्राम घोरागांव पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जिससे गोबरा एलओएस. कमांडर रवि मारा गया था, उसमें शामिल था। वर्ष 2020 थाना मेचका ग्राम उजरावन के एक ग्रामीण की हत्या में शामिल था। वर्ष 2021 भाना खल्लारी ग्राम गादुल बाहरा में एक ग्रामीण की हत्या में शामिल था। 2021 थाना खल्लारी ग्राम आमझर के 01ग्रामीण की हत्या में शामिल था।

संगठन छोडऩे का कारण:-

छ0ग0 शासन की आत्मसमर्पण नीतियों से प्रभावित होकर भारत के संविधान पर विश्वास रखते हुए एवं संगठन में कार्यो की उपेक्षा करने,भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं माओवादियों के द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार से त्रस्त होकर उक्त माओवादी द्वारा पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया गया।

आत्मसमर्पण करने पर इसे उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् 25000/- रूपये (पच्चीस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

रायपुर | आरएनएस

हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने गुरूवार को धरना-प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने रायपुर में ईडी दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी कांग्रसियों और पुलिस के बीच झूमाझटकी भी हुई। वहीं प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल को कंधे पर उठा लिया और जोरदार नारेबाजी की।

बता दें कि कांगे्रस ने हिंडनबर्ग मामले में जेपीसी जांच और सेबी चीफ के इस्तीफे की मांग को लेकर गुरूवार को ईडी दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल,पीसीसी चीफ दीपक बैज सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

प्रदर्शन के दौरान पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि अगर ईडी निष्पक्ष जांच कर रही होती तो हमें प्रदर्शन करने की जरूरत नही होती। ईडी केवल बीजेपी को सुरक्षित करने के लिए कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि समय बदलते देर नही लगता केंद्र में हमारी सरकार बनते ही ईडी-सीबीआई जो जांच कर रही है उसकी भी जांच कराऐंगे। जितने भी फर्जी केस बनाए गए है उनके खिलाफ सीधे कार्यवाही की जाएगी।

नक्सलवाद से खेल का हब बनने तक: बस्तर की विकास यात्रा में साय की अहम भूमिका

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र, जो कभी अपने पौराणिक महत्व और नक्सलवाद के लिए प्रसिद्ध था, अब विकास की ओर बढ़ रहा है। इस परिवर्तन का श्रेय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जाता है, जिन्होंने बस्तर को शांति और समृद्धि की राह पर लाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

बस्तर, जहाँ रामायण काल में भगवान राम, सीता और लक्ष्मण ने 13 साल बिताए थे, अब एक और ऐतिहासिक बदलाव का गवाह बन रहा है। कभी नक्सलवाद से जूझने वाला यह क्षेत्र अब खेल, विशेष रूप से फुटबॉल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। नारायणपुर जिले में अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने एक नई फुटबॉल पिच का निर्माण किया, जिसने हाल ही में दो राष्ट्रीय चैंपियनशिप की सफलतापूर्वक मेजबानी की।

मुख्यमंत्री साय ने इस परियोजना को अपनी प्राथमिकता बनाई, क्योंकि वे मानते हैं कि खेल से न केवल क्षेत्र का विकास हो सकता है, बल्कि सामाजिक सुधार भी संभव है। उनके नेतृत्व में, र्ढ्ढढस्नस्न और छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ ने बस्तर में अंडर-20 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप आयोजित करने का निर्णय लिया। इसका उद्देश्य बस्तर को खेल का केंद्र बनाना और इसकी सकारात्मक छवि को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना है।

साइकिल से 4 धाम और 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकले यूपी के रोमित योगी पहुंचे रामानुजगंज

रामानुजगंज | आरएनएस

उत्तर प्रदेश के साम्बली जिला के कैराना विधानसभा के ग्राम शीतलगढ़ी के निवासी 25 वर्षीय रोमित योगी चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग एवं संपूर्ण भारत यात्रा पर साइकिल से 12 मई 2024 से निकले हुए है।जो बीती रात रामानुजगंज झारखंड होते पहुंचे।

साइकिल यात्रा से निकले 100 में दिन रामानुजगंज पहुंचे रोमित योगी ने बताया कि पहले भी मैंने तीर्थ यात्रा की है परंतु वाहन एवं ट्रेन से की है परंतु प्रकृति से मुझे प्रेम रहने के कारण मैं साइकिल से निकला ताकि अनावश्यक रूप से ईंधन का वहन न हो और वातावरण प्रदूषित न हो प्रतिदिन 60 से 70 किलोमीटर साइकिल से यात्रा संभव हो पता है। उन्होंने बताया कि बाबा केदारनाथ बद्रीनाथ, यमुनोत्री,गंगोत्री, बाबा काशी विश्वनाथ,बैजनाथ धाम सहित अन्य धामो के दर्शन करते हुए यहां तक पहुंचा हूं। यहां के बाद उज्जैन, ओंकारेश्वर सोमनाथ, नागेश्वर महाराष्ट्र में भीमाशंकर इस प्रकार से यात्रा मेरी चलती रहेगी। रामानुजगंज में नगर पंचायत के कर्मचारी अजय गुप्ता के द्वारा रुकने एवं भोजन की व्यवस्था कराई। टेंट की भी व्यवस्था लेकर चलते हैं..... रोमित योगी बताते हैं कि ऐसे तो हर जगह मंदिर में रुकने की जगह मिल जाती है परंतु कई बार ऐसी आपात स्थिति होती है कि वह व्यवस्था नहीं मिल पाती है ऐसे में टेंट भी साथ में लेकर चलता हूं टेंट लगाकर भी सोने की व्यवस्था हो जाती है।

गंगोत्री से जल लेकर रामेश्वरम तक जलाभिषेक करेंगे..... रोमित योगी ने बताया कि गंगोत्री से जल लेकर जलाभिषेक रामेश्वरम में करेंगे इस दौरान कई हजार किलोमीटर की यात्रा तय करनी पड़ेगी। 6500 किलोमीटर की यात्रा कर चुका हूं।

कलेक्टर धर्मेश साहू ने नर्सिंग होम एवं आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग में गड़बड़ी पर निगरानी रखने के निर्देश दिए : जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

सारंगढ़ बिलाईगढ़

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति सह विभागीय समीक्षा बैठक बुधवार की शाम को आयोजित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला ने स्वास्थ्य सूचकांकों तथा विभाग में चल रहे विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर साहू ने राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अनुपातिक लक्ष्य अनुरूप कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिले के तीनों ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास संचालित जन औषधि केंद्र को सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए। हमर लैब सारंगढ़ को राज्य से प्राप्त टेस्टिंग इंस्ट्रूमेंट्स को तत्काल इंस्टॉल कर जांचे प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। जिले में शासकीय अस्पताल से अधिक निजी अस्पतालों में प्रसव होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों को क्रियाशील करते हुए समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रति महीना 10 एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में प्रति महीना तीन प्रसव कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों में देरी या अपूर्णता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी सीजीएमएससी को तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित योजनाएं जैसे चिरायु टीम के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, कृमि नाशक गोली एवं सप्ताहिक आयरन गोली का सेवन कार्यक्रमों में नोडल शिक्षक नियुक्त कर कार्यक्रमों की रिकॉर्ड संधारण करने एवं कार्यक्रम के सुचारु क्रियान्वयन के निर्देश दिए। जिले में संचालित समस्त निजी नर्सिंग होम के नियमित निगरानी करने एवं नर्सिंग होम एक्ट के मापदंड में किसी प्रकार की कमी पाए जाने तथा फर्जी मरीजों का आयुष्मान ब्लॉकिंग पर कड़ी निगरानी रखने हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

24 घंटे के भीतर 28 स्थाई वारंटी किए गए तामील, 25 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी भी गिरफ्तार

बलरामपुर | आरएनएस

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलरामपुर के नेतृत्व में स्थाई वारंटियों के धर-पकड़ हेतु जिले के सभी थाना /चौकी में चलाये जा रहे अभियान के तहत 24 घंटे के भीतर 28 स्थाई वारंटी तामील किए गए साथ ही थाना रामानुजगंज में धारा 395, 397 भादवि 25, 27 आम्र्स एक्ट के मामले में 25 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक बलरामपुर राजेश अग्रवाल (भापुसे) द्वारा जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अन्तर्गत स्थाई वारंटियों के अधिक से अधिक तामिली एवं धर-पकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में सम्पूर्ण जिले में अभियान चलाया गया। अभियान के अन्तर्गत 24 घंटे के भीतर जिले में 28 स्थाई वारंटियों को तामील करने में बलरामपुर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है।

ज्ञात हो तामिल किए गए स्थाई वारंटियों में थाना रामानुजगंज के अपराध क्रमांक 52/1999 धारा 395, 397 भादवि 25, 27 आम्स एक्ट में लगातार 25 वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को थाना रामानुजगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। 25 वर्षों से फरार आरोपी चलितर महरा पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार लुक-छिप कर पुलिस को चकमा दे रहा था। आरोपी को रामानुजगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

इसी प्रकार स्थाई वारंटी जसीम खान, निवासी हरिगवां थाना रघुनाथनगर जिसके विरुद्ध जिले के थाना रामचन्द्रपुर 02, थाना सनावल में 01, चौकी डिण्डो में 01, चौकी वाड्रफनगर में 01 कुल 05 मामलों में माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। स्थाई वारंटी जसीम खान, निवासी हरिगवां को कड़ी मसक्कत के बाद चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया है। वारंटी जसीम खान के विरूद्ध थाना रामचन्द्रपुर, थाना सनावल, चौकी डिण्डो, चौकी वाड्रफनगर में ट्रांसफारमर चोरी एवं अन्य प्रकरणों में पुलिस तलास कर रही थी।

इसी प्रकार थाना बलरामपुर के स्थायी गिरफ्तारी वारंटियों की पतासाजी हेतु टीम गठित कर विभिन्न क्षेत्रों में रवाना किया गया था। टीम के द्वारा कुल 06 स्थायी वारंटी तामील कर थाना बलरामपुर लाया गया, स्थायी गिरफ्तार वारंटियों का डॉक्टरी मुलाहिजा पश्चात संबंधित न्यायालय में पेश किया गया।

स्थाई वारंटियों के तामिली एवं धर-पकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों /थाना चौकी प्रभारियों एवं अन्य पुलिस स्टॉफ को विशेष योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा पूरी पुलिस टीम को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी इसी प्रकार अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु कहा गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU